आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 02.03.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- नेपाल में आगामी पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव को देखते हुए पिथौरागढ़ जिले से लगी नेपाल सीमा को तीन दिनों के लिए सील किया गया।
- चम्पावत जिले में प्रदेश के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का संचालन आगामी जुलाई माह से शुरू करने की तैयारियां जोरों पर।
- प्रदेश में होली पर्व की धूम। मुख्यमंत्री आवास में पारंपरिक उल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन।
- आगामी छह मार्च से शुरू हो रहे टिहरी झील महोत्सव के दौरान, जिले में 9 स्थानों पर ट्रैकिंग अभियान भी संचालित किए जाएंगे।

..............

## नेपाल सीमा सील

नेपाल में आगामी पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव को देखते हुए पिथौरागढ़ जिले से लगी नेपाल सीमा को एहतियातन आज से तीन दिनों के लिए सील कर दिया गया है। जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं ने बताया कि नेपाल प्रशासन की ओर से प्राप्त अनुरोध पत्र के आधार पर यह निर्णय लिया गया। इसके तहत सीमा से जुड़े सभी प्रवेश मार्गों पर आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

## महिला स्पोर्ट्स कॉलेज

चम्पावत जिले में लोहाघाट स्थित छमनिया में प्रदेश के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज को आगामी शैक्षणिक सत्र से शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। लगभग 257 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे इस स्पोर्ट्स कॉलेज में छात्राओं के लिए आधुनिक खेल अवसंरचना, छात्रावास और शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार सिन्हा ने कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों और प्रस्तावित खेल सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के लिए आगामी अप्रैल माह से आवश्यक प्रशासनिक व शैक्षणिक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए, ताकि जुलाई माह से नियमित शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को छात्रावास, कक्षाओं और बहुउद्देशीय हॉल की व्यवस्थाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही इंडोर खेलों और फिटनेस प्रशिक्षण से जुड़ी सुविधाओं को मानकों के अनुरूप विकसित करने पर भी जोर दिया। विशेष सचिव सिन्हा ने निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक का भी निरीक्षण किया और एथलेटिक्स से जुड़े उपकरणों और अन्य आवश्यक ढांचे को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए।

## अग्निवीर भर्ती

चम्पावत जिले के बनबसा में गत 27 फरवरी से पांच मार्च तक अग्निवीर भर्ती की जा रही है। पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों के युवाओं के लिए हो रही  भर्ती प्रक्रिया को लेकर आज उत्तरी क्षेत्र भर्ती जोन लखनऊ के भर्ती महानिदेशक मेजर जनरल मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि भर्ती के लिए नौ हजार लोगों ने आवेदन किया था, जिनमें से 50 प्रतिशत युवा प्रवेश परीक्षा के बाद यहां आए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता से हो रही है, जिसके लिए जगह–जगह सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल घड़ी और बायोमेट्रिक लगाई गई है। साथ ही भर्ती प्रक्रिया में शामिल युवाओं के हाथों मे एक बैंड लगाया गया है, जिसमें सभी जानकारी  उपलब्ध है।

## मुख्यमंत्री/होली

मुख्यमंत्री आवास में आज पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गढ़वाल और कुमाऊँ की पारंपरिक होली के साथ ही जौनसार–बावर और तराई क्षेत्र की लोकधुनों ने वातावरण को रंगमय बना दिया। लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश की विविध लोक परंपराओं की झलक दिखाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत ही उत्तराखण्ड की पहचान है और इसे सहेजना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे।

## होलिका दहन

प्रदेश में होली पर्व को लेकर धूम है। वहीं, कल चन्द्र ग्रहण होने के कारण आज होलिका दहन किया जा रहा है। सूतक लगने के साथ ही मंदिरों के कपाट भी बंद हो जाएंगे, जो देर शाम ग्रहण की समाप्ति के बाद ही खुलेंगे। इस कारण सूतक के चलते आज ही होलिका दहन किया जा रहा है। वहीं, तीर्थनगरी हरिद्वार में सुबह से ही महिलाओं, पुरूषों और बच्चों ने होलिका पूजन कर सुख–समृद्धि की कामना की। होलिका दहन की तैयारी में लगी स्वाति ने कहा कि चंद्रग्रहण के कारण आज रात होलिका दहन किया जाएगा।

## होली उत्तरकाशी

उत्तरकाशी में रंगभरी होली से पहले एक अनूठी होली भी खेली जाती है, जिसमें भगवान शिव के भक्त एक–दूसरे पर भस्म लगाकर होली खेलते हैं। इसी क्रम में आज बाबा काशी विश्वनाथ मंडली की ओर से भस्म लगाकर शिव भक्तों के साथ ही पर्यटकों ने भी इस अनूठी होली का आनंद लिया। काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में सुबह की आरती के बाद स्वयंभू शिवलिंग पर हवन कुंड व धूनी को भस्म लगाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद स्वाति वाचन के साथ भस्म होली की शुरूआत की गई। श्रद्धालुओं ने एक–दूसरों पर भस्म लगाकर होली खेलने के साथ ही जमकर नृत्य किया।

## टिहरी झील महोत्सव

टिहरी जिले में पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए आगामी 6 से 9 मार्च तक आयोजित किए जा रहे टिहरी झील महोत्सव के दौरान, जिले में 9 स्थानों पर ट्रैकिंग अभियान भी संचालित किए जाएंगे। इसके जरिए प्रतिभागी, हिमालय की खूबसरती का दीदार करने के साथ ही ग्रामीण जनजीवन से भी परिचित होंगे। ये सभी अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे, जिस कारण पयर्टक टिहरी के ग्रामीण जन–जीवन से भी परिचित हो सकेंगे। जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल ने कहा कि यह पहल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और टिहरी को साहसिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा महोत्सव के दौरान 'एस्ट्रो नाइट' का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें साफ आसमान के नीचे तारों का अवलोकन कराया जाएगा।

## जनता मिलन कार्यक्रम

प्रदेश में पौड़ी, हरिद्वार और रुद्रप्रयाग सहित विभिन्न जिलों में आज जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरणर किया गया। वहीं, रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी 30 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से 14 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को शेष शिकायतों का त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने चारधाम यात्रा से जुड़े अधिकारियों को भी समय पर सभी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।